दिनांक—02.04.2024 समय—7.10एएम

# प्रादेशिक समाचार
# आकाशवाणी, भोपाल
# प्रातःकालीन समाचार

**मुख्य समाचार :—**

- लोकसभा चुनाव के लिये भाजपा के वरिष्ठ नेता और प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की उत्तराखंड और राजस्थान में चुनावी रैली।
- लोकसभा चुनाव के लिए प्रदेश में मतदाता जागरूकता और विभिन्न प्रशिक्षण कार्यक्रम का दौर जारी।
- प्रदेश में सी—विजिल एप पर अब तक 1 हजार 473 शिकायतों का हुआ निराकरण।
- आईपीएल में आज रायल चैलेन्र्स बेंगलुरू और लखनउ सुपर जायंट्स के बीच मुकाबला। कल राजस्थान रायल्स ने मुंबई इंडियन्य को 4 विकेट से हराया।

**अब समाचार विस्तार से:—**

## पीएम—दौरा—उत्तराखंड—राजस्थान

भारतीय जनता पार्टी के शीर्ष नेता और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी लोकसभा चुनाव के लिए उत्तराखंड में आज पहली चुनावी रैली को नैनीताल उधम सिंह नगर लोकसभा क्षेत्र के अंतर्गत रुद्रपुर में संबोधित करेंगे। इस सीट से भाजपा प्रत्याशी और राज्य मंत्री अजय भट्ट चुनाव लड़ रहे हैं जिसमें उनका मुकाबला कांग्रेस प्रत्याशी प्रकाश जोशी से है।

साथ ही प्रधानमंत्री आज राजस्थान के जयपुर ग्रामीण लोकसभा क्षेत्र के अंतर्गत कोटपूतली में भी एक चुनावी रैली को संबोधित करेंगे। श्री मोदी दोपहर करीब डेढ़ बजे मोलाहेड़ा गांव स्थित सभा स्थल पर पहुंचेंगे जहां वे जयपुर ग्रामीण लोकसभा सीट से भाजपा प्रत्याशी राव राजेंद्र सिंह के पक्ष में जनसभा को संबोधित करेंगे। राजस्थान में लोकसभा चुनाव के लिए प्रधानमंत्री की यह पहली रैली है।

## मतदान प्रशिक्षण

लोकसभा चुनाव के लिये भोपाल जिले की सभी विधानसभाओं के मतदानकर्मियों के लिए एक साथ दो—दो सत्रों में प्रशिक्षण शुरू हुआ। यह प्रशिक्षण 5 अप्रैल तक संबंधित जनपद पंचायत संचालित होगा। कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी कौशलेंद्र विक्रम सिंह की अध्यक्षता में कल आठ स्थानों पर एक साथ प्रशिक्षण प्रारंभ हुआ। इसी तरह प्रदेश में अन्य जिलों में भी प्रशिक्षण का दौर जारी है। धार में वीडियोग्राफी हेतु वीडियोग्राफर का जिला स्तरीय प्रशिक्षण कार्यक्रम उपजिला निर्वाचन अधिकारी एवं अपर कलेक्टर की अध्यक्षता में कल आयोजित किया गया। आगरमालवा जिले के मतदानकर्मियों का दो दिवसीय प्रथम प्रशिक्षण आज से एक निजी स्कूल में दो पारियों में आयोजित होगा। शिवपुरी जिले लोकसभा निर्वाचन कार्य से संबंधित प्रशिक्षण देने के लिए जिला व विधानसभा स्तरीय मास्टर ट्रेनर्स नियुक्त किए गए है। मुख्य कार्यपालन अधिकारी द्वारा मास्टर ट्रेनर को अनुविभागीय मुख्यालय पर होने वाले प्रथम प्रशिक्षण हेतु 3 से 6 अप्रेल तक विधानसभा स्तरीय मास्टर ट्रेनर्स को मार्गदर्शन देने को कहा है।

## मतदाता जागरुकता

प्रदेश में इन दिनों लोकसभा चुनाव के लिए मतदाता जागरुकता के कार्यक्रम आयोजित किए जा रहे हैं। इंदौर के ब्रिलियंट कन्वेंशन सेंटर में लोकतंत्र के रंग वोटिंग का पर्व—इंदौर का गर्व थीम पर मतदाता जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन हुआ। स्वीप गतिविधियों अन्तर्गत लोकसभा निर्वाचन में इंदौर जिले में मतदान का प्रतिशत बढ़ाने के उद्देश्य से इंदौर जिला निर्वाचन कार्यालय, जिला प्रशासन, नगर पालिक निगम एवं इन्दौर स्मार्ट सिटी द्वारा इस कार्यक्रम का आयोजन किया गया। खण्डवा जिले में शत प्रतिशत मतदान हो इसके लिए मतदाताओं को मतदान के प्रति जागरूक करने के लिए कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी के मार्गदर्शन में विभिन्न गतिविधियां आयोजित की जा रही है। महारानी लक्ष्मीबाई शासकीय कन्या उच्चतर माध्यमिक विद्यालय खण्डवा, हायर सेकेण्डरी स्कूल खेड़ी में विद्यार्थियों ने मतदान केन्द्रों के अंतर्गत आने वाले मतदाताओं के नाम पाती लिख मतदान करने की अपील की।

## लोकसभा चुनाव—छिंदवाड़ा सीट

प्रदेश में छिंदवाड़ा लोकसभा सीट इस बार भी भाजपा और कांग्रेस दोनों पार्टियों के लिए प्रतिष्ठा का प्रश्न बनी हुई है। इस सीट पर पहले चरण में 19 अप्रैल को 16 लाख से ज्यादा मतदाता 15 उम्मीदवारों की किस्मत का फैसला करेंगे।

**वीसी—संजीव शर्मा**

*छिंदवाडा में कुल 15 उमीदवार अपनी किस्मत आजमा रहे हैं। कांग्रेस ने यहाँ से मौजूदा सांसद और पूर्व मुख्यमंत्री कमलनाथ के पुत्र नकुलनाथ को मैदान में उतारा है, वहीं, भाजपा ने स्थानीय उम्मीदवार बंटी विवेक साहू को टिकट दिया है। बहुजन समाज पार्टी, राष्ट्रीय गोंडवाना पार्टी, गोंडवाना गणतंत्र पार्टी, रिपब्लिक पार्टी आफ इण्डिया के उम्मीदवारों के अलावा यहाँ सात निर्दलीय उम्मीदवार भी मैदान में हैं। छिंदवाड़ा लोकसभा क्षेत्र में सात विधानसभा सीटें आती हैं। छिंदवाडा में कुल मतदाताओं की संख्या करीब 16 लाख 28 हजार है। दरअसल, बीते 44 साल में एक लोकसभा उपचुनाव को छोड़कर यहां कांग्रेस या यों कहे कि कमल नाथ का ही बोलबाला है। पिछले लोकसभा चुनावों में भी भाजपा ने राज्य की 29 में से छिंदवाडा को छोड़कर 28 सीटें जीती थीं इसलिए इस बार छिंदवाडा को भाजपा ने नाक का सवाल बना लिया है। भाजपा को उम्मीद है कि वह मिशन चार सौ पार के लिए मध्यप्रदेश की सभी 29 सीटों पर जीत हासिल करेगी।*

*संजीव शर्मा, आकाशवाणी समाचार, भोपाल*

**सी—विजिल एप**

मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी अनुपम राजन ने बताया कि 16 मार्च से आदर्श चुनाव आचरण संहिता लागू होते ही सी—विजिल एप पर शिकायतें प्राप्त होने लगी हैं। एक अप्रैल तक प्रदेश के सभी जिलों से इस एप के माध्यम से कुल 1473 शिकायतें प्राप्त हो चुकी हैं। इन सभी शिकायतों का त्वरित निराकरण कर दिया गया है। श्री राजन ने बताया कि मुख्य रूप से सागर जिले में 165 शिकायतों के साथ अन्य जिलों में भी शिकायतें प्राप्त हुई हैं।

भारत निर्वाचन आयोग द्वारा आदर्श चुनाव आचरण संहिता के उल्लंघन वाली शिकायतों के निवारण के लिए सी—विजिल एप तैयार किया गया है। इस एप के जरिए कोई भी नागरिक आचार संहिता के उल्लंघन से संबंधित शिकायतें कर सकता है।

**जनता की आवाज—आकाशवाणी के साथ**

प्रादेशिक समाचार एकांश, आकाशवाणी मध्यप्रदेश द्वारा लोकसभा चुनावों में शत प्रतिशत मतदान सुनिश्चित करने के लिए 'जनता की आवाज—आकाशवाणी के साथ, नामक एक ख़ास कार्यक्रम शुरू किया है... इसमें हम आम लोगों द्वारा मतदान के लिए की जा रही अपील को शामिल कर रहे हैं, जिससे अन्य श्रोता भी मतदान के लिए प्रेरित हो। आप भी अपनी आवाज़ में मतदान के महत्व पर केन्द्रित अधिकतम 40 सेकेण्ड का एक बढ़िया सा वीडियो सन्देश रिकार्ड करिए और हमारे WhatsApp नंबर 94065 23035 पर अपने नाम और निवास स्थान के नाम के साथ भेज दीजिए। हम आपके संदेशों को प्रतिदिन समाचारों के साथ प्रसारित करेंगे... और हाँ, आप भी मतदान अवश्य करिए।

आईये अब सुनते हैं जिला दमोह के किशनलाल हुरा का संदेश। —

**आईपीएल**

इंडियन प्रीमियर लीग क्रिकेट के लीग मैच में कल राजस्थान रॉयल्स ने मुंबई इंडियंस को छह विकेट से हरा दिया है। मुंबई के वानखेड़े स्टेडियम में जीत के लिए 126 रन का लक्ष्य उसने 15 ओवर और तीन गेंदों में हासिल कर लिया। राजस्थान रॉयल्स की ओर से रियान पराग ने उनतालिस गेंदों में नाबाद 54 रन बनाए। राजस्थान रॉयल्स की ओर से ट्रेंट बोल्ट और युजवेंद्र चहल ने तीन—तीन विकेट लिए। बोल्ट को प्लेयर ऑफ द मैच घोषित किया गया।

आईपीएल में आज रॉयल चैलेंजर्स बेंगलोर का मुकाबला लखनऊ सुपर जायंट्स से होगा। बंगलुरू के एम चिन्नास्वामी स्टेडियम में यह मैच शाम साढ़े सात बजे शुरू होगा।

**अब कुछ समाचार संक्षेप में .....**

- खजुराहो लोकसभा क्षेत्र से समाजवादी पार्टी ने पूर्व घोषित प्रत्याशी डॉक्टर मनोज यादव को बदल दिया है। इनकी जगह अब पूर्व विधायक मीरा दीपक यादव को खजुराहो लोकसभा क्षेत्र से समाजवादी पार्टी तथा संयुक्त गठबंधन का प्रत्याशी घोषित किया गया है।
- कांग्रेस ने लोकसभा चुनाव के लिए दो और उम्मीदवारों की सूची जारी की है। पार्टी ने अभय काशीनाथ पाटिल को महाराष्ट्र के अकोला से और सुश्री कादियाम काव्या को तेलंगाना में वारंगल से खड़ा किया है।
- चैत्र नवरात्रि मेला मैहर में मां शारदा के दर्शनार्थियो की सुविधा को ध्यान में रखते हुए रेल प्रशासन द्वारा 9 से 23 अप्रैल तक अप डाउन में 15 जोड़ी यात्री ट्रेनों का 5 मिनट का अस्थाई स्टापेज मैहर स्टेशन मे दिया जाएगा।

- इंदौर जिले में वित्तीय वर्ष 2023–24 में खनिज विभाग द्वारा लक्ष्य से अधिक राजस्व की वसूली की गई है। राज्य शासन द्वारा इंदौर ज़िले के लिए 23 करोड़ रुपये का राजस्व लक्ष्य निर्धारित किया गया था। खनिज प्रशासन ने 23.84 करोड़ रूपये का राजस्व प्राप्त किया गया।
- नगर पालिका निगम खंडवा में राजस्व विभाग की कल बैठक आयोजित की गई। जिसमें राजस्व विभाग के समस्त अधिकारी एवं कर्मचारी मौजूद थे. नगर पालिका निगम खंडवा ने राजस्व वसूली में रिकॉर्ड वृद्धि दर्ज करते हुए 26 करोड़ रुपए की वसूली प्राप्त की।
- उज्जैन। जिले के स्कूलों में सत्र 2024– 25 का शुभारंभ हुआ। कई स्कूलों में अच्छी उपस्थिति रही। एडीपीसी समग्र शिक्षा अभियान गिरीश तिवारी ने बताया की विद्यार्थियो को तिलक लगाकर स्वागत किया, पुस्तके दी गई।
- नर्मदापुरम जिले की बनखेड़ी के सेवा सदन प्राथमिक आंख जांच केंद्र और गुरु कृपाल आश्रम के सहयोग से नगर में निःशुल्क नेत्र जांच शिविर का आयोजन किया गया। इसमें 73 लोगों की आंखों की जांच ऑप्टोमेट्रिस्ट द्वारा की गई।
- जबलपुर में पुलिस ने एक कार से एक लाख 35 हजार रुपये की शराब सहित तस्कर पकड़ा है। कार के चालक पर आबकारी एक्ट की धाराओं के तहत प्रकरण दर्ज किया गया है।

———————————